आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 31.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत–रत्न से अलंकृत किया।
- देहरादून स्थित एसडीआरएफ मुख्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में आज 171 जवान, उत्तराखंड पुलिस में शामिल हुए।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न दलों के प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जारी।
- चम्पावत जिले के स्वामी विवेकानंद अद्वैत आश्रम मायावती के 125वें स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल शामिल हुए।
- टिहरी जिले में दुआकोटीधार के पास एक वाहन के खाई में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु।

भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उप–प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह इस अवसर पर मौजूद थे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर व्यक्तित्व लाल कृष्ण आडवाणी ने दृढ़ समर्पण और असाधारण कौशल के साथ सात दशकों से भी अधिक समय तक देश की सेवा की। राष्ट्रपति ने कहा कि जब आपातकाल देश के लोकतंत्र के लिए खतरा बना, श्री आडवाणी ने अदम्य हौसले से देश को सत्तावादी ताकतों से बचाने में मदद की। उन्होंने कहा कि एक सांसद के रूप में श्री आडवाणी ने संसदीय परम्पराओं को समृद्ध किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के सांस्कृतिक उत्थान के लिए उनका अथक परिश्रम इस वर्ष अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शिखर तक पहुंचा।

एसडीआरएफ दीक्षांत समारोह

देहरादून स्थित एसडीआरएफ मुख्यालय में करीब 9 महीने का कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आज 171 जवान, उत्तराखंड पुलिस में शामिल हो गए। आज सुबह मुख्यालय में आयोजित रिक्रूट आरक्षी–नागरिक पुलिस के दीक्षांत समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, अमित सिन्हा ने जवानों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसडीआरएफ के सेनानायक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जवानों को साइबर और फॉरेनसिंक से संबंधित आधुनिक प्रशिक्षण दिया गया।

एग्जिट पोल

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एग्जिट पोल के निष्कर्ष का प्रकाशन और प्रसारण करना चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। यह जानकारी देते हुए प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक एग्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण करने पर प्रतिबंध होगा। इन प्रतिबंधों का सभी मीडिया हाउस को पालन सुनिश्चित करना होगा।

## चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां बढ़ गई हैं। विभिन्न दलों के प्रत्याशी अपने–अपने पक्ष में प्रचार करने के लिए विभिन्न तरीके अपना रहे हैं। कोई प्रत्याशी घर–घर जाकर वोट मांग रहा है, तो कोई रोड–शो करके अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून जिले के सहिया और टिहरी जिले के लम्बगांव में टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने की लोगों से अपील की। उधर, गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने गैरसैंण में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने पक्ष में वोट करने के लिए जनता से समर्थन मांगा। प्रदेश के अन्य जिलों में भी विभिन्न दलों के प्रत्याशी और निर्दलीय उम्मीदवार अपने–अपने पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

## स्वीप पॉडकास्ट

चमोली जिले में स्वीप टीम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रेडियो पॉडकास्ट चैनल का संचालन शुरु कर दिया है। चैनल के माध्यम से मतदाता जागरूकता के साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रसारित की जाएंगी। यह जानकारी देते हुए स्वीप के नोडल अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि इस रेडियो चैनल पर आगामी 16 अप्रैल तक नौ एपिसोड प्रसारित किए जाएंगे, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला आइकॉनस के साथ ही जिले के गणमान्य व्यक्तियों के मतदाता जागरूकता संदेश जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की चुनावी चर्चाओं का प्रसारण भी किया जाएगा। इस बीच, जिले में बूथ जागरुकता सप्ताह के तहत आज स्वीप टीम ने कर्णप्रयाग के कनखुल, किमोली, कुनेथ, जस्यारा, डुंग्री, कर्णप्रयाग नगर, लंगासू और मैठाणा सहित अन्य क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। इसके अलावा युवा मतदाताओं को जागरुक करने के लिये गोपेश्वर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल मैच का आयोजन भी किया गया।

## हस्ताक्षर अभियान

मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए बागेश्वर जिले में स्वीप की टीम ने सहायक नोडल आलोक पांडे के नेतृत्व में अमस्यारी में जन जागरुकता के साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाया। स्वीप टीम ने घर–घर जाकर शत–प्रतिशत मतदान के लिए शपथ पत्र भरवाया। साथ ही जिले से बाहर रह रहे प्रवासी मतदाताओं से अपील की, कि वे घर आकर मतदान करें। उन्होंने सभी से 19 अप्रैल को अपने मतदान स्थल पर पहुंचकर 75 प्रतिशत से उपर मतदान लक्ष्य को प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने झोड़ा, चाचरी गाकर शत–प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह आज चम्पावत जिले में स्थित स्वामी विवेकानंद अद्वैत आश्रम मायावती के 125वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोगों से आह्वान किया कि जो लोग ओम की शक्ति जानना चाहते हैं, वे इस आश्रम में आये और स्वामी जी के सिद्धांतों से परिचित हो। उन्होंने कहा कि वेदांत और आध्यात्म के लिए स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित इस आश्रम में आने से दिव्यता और भव्यता की अनुभूति होती है। वहीं, अद्वैत आश्रम मायावती के अध्यक्ष स्वामी सुद्धिदानन्द

महाराज ने बताया कि अद्वैत आश्रम मायावती रामकृष्ण मिशन का सबसे अनूठा केंद्र है। गौरतलब है कि आश्रम में वेदान्त पर स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रचार बीते 125 साल से किया जा रहा है। इस स्थान से हिमालय पर्वत की 370 किलोमीटर परिधि के दर्शन हो जाते हैं।

## दुर्घटना मृत्यु

टिहरी जिले में गजा—डांडाचली—चम्बा मोटर मार्ग पर दुआकोटीधार के पास एक वाहन के खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। वाहन में 14 लोग सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने हादसे का शिकार हुए लोगों को खाई से निकाला और 108 सेवा की मदद से सरकारी अस्पताल गजा और नरेंद्रनगर अस्पताल भिजवाया।

## स्वच्छता पखवाड़ा

केंद्रीय जल मंत्रालय के राष्ट्रीय मिशन— नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत चमोली जिले के गोपेश्वर महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। गंगा स्वच्छता पखवाड़े के तहत छात्रों ने विभिन्न जल स्रोतों, नदी—नालों के साथ ही महाविद्यालय परिसर समेत विभिन्न जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया। रैलियों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय में विभिन्न संकायों के बीच नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर प्राचार्य प्रोफेसर कुलदीप सिंह नेगी ने कहा कि नाटक मंचन करने का मुख्य उद्देश्य गंगा और गंगा की अविरल धाराओं को स्वच्छ रखने के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

## लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव में उत्तराखण्ड से इस बार राज्य की पांच सीटों पर 55 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रदेश के 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता, 19 अप्रैल को चुनाव में प्रत्याशियों का भाग्य तय करेंगे।